## साहित्य रत्न अवार्ड से सम्मानित किया

**करौली**(नि.स.) करौली जिले के इनायती ग्राम निवासी वरिष्ठ साहित्यकार 'राव' शिवराज पाल सिंह और साहित्यकारा रंजीता जोशी को नेपाल में अंतरराष्ट्रीय नेपाल भारत साहित्य रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

नेपाल में भारतीय राजदूतावास, काठमांडौ गंडकी प्रज्ञा प्रतिष्ठान एवं पोखरा प्रज्ञा प्रतिष्ठान द्वारा संयुक्त तत्वावधान में पृथ्वीनारायण त्रिभुवन विश्वविद्यालय पोखरा में आयोजित तीन दिवसीय पांचवें नेपाल भारत साहित्यिक महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय नेपाल भारत साहित्य रत्न अवार्ड सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में गंडकी विश्वविद्यालय के उपकुलपति व अन्य अतिथियों ने सम्मान पत्र व अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# अशोक गहलोत का कांग्रेस पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पंहुचने पर भव्य स्वागत किया

**भरतपुर** (निस)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की धौलपुर से शुरू होने वाली भारत जोड़ों न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जयपुर से टैन में सवार होकर भरतपुर के रेलवे स्टेशन पंहुचें जहां से सडक रास्ते से वह धौलपुर रवाना हुए।

इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा, महापौर अभिजीत कुमार, चुन्नी कप्तान, साहब सिंह एडवोकेट, प्रशांत उपाध्याय, आदित्यराज शर्मा, राजीव कुम्हेर, जगदीश बंजी, योगेश सिंघल, दयाचंद पचोरी दीनदयाल जाटव, रेनू गोरावर, बवीता शर्मा, रामेश्वर सैनी, मनोज पटेल, मुकेश जाटव, अशोक लवानियां, जीवनलाल शर्मा, मनोज शर्मा, अशोक ताम्बी, नरेन्द्र सेवादल, बृजेश सेवादल, ब्रजभूषण जाटव, सुरेश पदयात्री, सुदेश गुर्जर, अजयपाल दारापुरिया, हरिमोहन शर्मा, भरत सिंह गादोली, श्याम सिंह गुर्जर, चन्द्रभान फौजदार, प्रेम प्रजापत, दिगंबर खटाना, अवधेश शर्मा, नदीम मलिक, शहीद खान, रामलाल सागर, मुकुट पंवार, चन्द्रकांत शर्मा, जीतू अस्तावन, संजय चंदेला, शाहिद भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ने उनका रेलवे स्टेशन पंहुचने पर स्वागत सम्मान किया।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि ईआरसीपी को लेकर हुए एमओयू के बारे में भाजपा सरकार ने जानकारी नहीं दी है कि एमओयू में क्या है। जिससे लगता है कि पानी नहीं आने वाला है। कभी एमओयू की जानकारी छुपाई नहीं गई। लेकिन इस बार पता ही नहीं चल रहा है कि ईआरसीपी को लेकर क्या एमओयू हुआ है। अभी जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को गुड गर्वनेंस के लिए जनता की जनकल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को जो संवैधानिक अधिकार दिए हुए हैं। उसको आप रिमोट कन्ट्रोल से चलाओ यह लोकतंत्र की हत्या है। वर्तमान में प्रदेश की जनता को पता ही नही चल रहा है कि सरकार कौन चला रहा है। भरतपुर के ही लोग डेमोनाइज हैं। भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री बन गए उन्हें कोई अधिकार नहीं दिया जा रहा है। वह रिमोट से क्यों चल रहे हैं। प्रदेश में रेप की घटनाएं हो रहीं हैं। हमारे ऊपर आरोप लगते हैं प्रदेश रेप की राजधानी बन गई। राजधानी अब बन गई है। हालात बहुत गंभीर हैं। घटनाएं हो रहीं हैं कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि भाजपा सरकार बने तीन माह हो चुके हैं। जिससे पब्लिक के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। प्रदेश में अपराध की घटनाएं बढ रही हैं। जिन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लापरवाही के चलते एक युवक की मौत हो गई। राजीव गांधी युवा मित्रों को क्यों हटाया गया उनका क्या कसूर था। स्वागत करने वालों के मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा, अभिजीत कुमार, चुन्नी कप्तान, साहब सिंह एडवोकेट, प्रशांत उपाध्याय, आदित्यराज शर्मा, राजीव कुम्हेर, जगदीश बंजी, योगेकश सिंघल, दयाचंद पचोरी दीनदयाल जाटव, रेनू गोरावर, बवीता शर्मा, राजेश्वर सैनी, मनोज पटेल, मुकेश जाटव, अशोक लवानियां, जीवनलाल शर्मा, मनोज शर्मा, अशोक ताम्बी, नरेन्द्र सेवादल, बृजेश सेवादल, ब्रजभूषण जाटव, सुरेश पदयात्री, सुदेश गुर्जर, अजयपाल दारापुरिया, हरिमोहन शर्मा, भरत सिंह गादोली, श्याम सिंह गुर्जर, चन्द्रभान फौजदार, प्रेम प्रजापत, दिगंबर खटाना, अवधेश शर्मा, नदीम मलिक, शहीद खान, रामलाल सागर, शाहिद भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-समाचार

### पुतला फूक कर किया प्रदर्शन

**करौली** (नि.स.) करौली. शिक्षा निदेशालय द्वारा छात्रों को पूरे सत्रांक नहीं देने के आदेश के विरोध में छात्रों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। शिक्षा निदेशक का पुतला फूंक कर छात्रों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। छात्रों ने ज्ञापन सौंप कर शिक्षा निदेशक से आदेश वापस लेने की मांग की है। छात्र नेता धर्म मीणा, मोहित आदि ने बताया कि छात्रों को शैक्षिणक गतिविधि के आधार पर विद्यालय द्वारा सत्रांक प्रदान किए जाते हैं। शिक्षा निदेशक द्वारा छात्रों को पूरे सत्रांक नहीं देने के आदेश से शिक्षक और छात्रों में भारी रोष व्याप्त है। कई बार छात्र अर्द्ध वार्षिक परीक्षा तक पढ़ाई और शैक्षिणक गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। लेकिन वार्षिक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते। छात्रों को सत्रांक टेस्ट, अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, उपस्थिति और प्रोजेक्ट वर्क आदि में प्रदर्शन के आधार पर भेजे जाते हैं। ऐसे में विभाग द्वारा छात्रों को पूरे सत्रांक नहीं देने का आदेश तुगलकी फरमान है। साथ ही सत्रांक देने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई से भी शिक्षक और छात्रों में रोष व्याप्त है। छात्रों ने आदेश के विरोध में सिटी पार्क के सामने प्रदर्शन कर शिक्षा निदेशक का पुतला फूंका। बाद में रैली के रूप में छात्र कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

### कलक्टर ने अन्नपूर्णा रसोई का किया निरीक्षण

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने कलक्ट्रेट परिसर स्थित अन्नपूर्णा रसोई का शनिवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन गुणवत्ता की जांच कर रसोई में खाना खाने वाले लाभार्थियों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में फीडबैक प्राप्त किया व रसोई संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। इस दौरान उन्होंने रसोई में भोजन की गुणवत्ता, सफाई व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था एवं पेयजल सहित अन्य इंतजामों का जायजा लिया। आमलोगों के साथ बैठकर भोजन कर संवाद किया एवं योजना से मिलने वाले लाभ व आवश्यक सुधार पर चर्चा की, साप्ताहिक मैनू व रिकॉर्ड के उचित प्रबंधन की जानकारी प्राप्त कर नियमानुसार रसोई संचालित कर आमजन को लाभ पहुंचाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने रसोई संचालक को भोजन की पौष्टिकता, गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत हर किस को मात्र 8 रुपए में पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है, जिससे कोई भी भूखा नहीं रहे। इस दौरान अतिरिक्त कलक्टर नीरज मीणा सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### निशान यात्रा पहुंची श्याम मंदिर

**गंगापुर सिटी।** शुक्रवार को स्वर्ण रजत एसोसिएशन एवं स्वर्णकार समाज के संयुक्त तत्वाधान में चौथ माता मंदिर से कुशालगढ के बाबा श्याम मंदिर तक विशाल निशान व चांदी छत्र की यात्रा डीजे के साथ शहर के मुख्य मुख्य मार्गो से होते हुए निकाली। यात्रा का सर्व समाज की ओर से जगह जगह पुष्प वर्षा कर एवं अल्पाहार करवा कर स्वागत किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथी पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर एवं सभापति शिवरतन अग्रवाल थे। इस दौरान स्वर्णकार समाज के महिला पुरूष डीजे की धून पर नाचते गाते चल रहे थे। कुशालगढ के बाबा श्याम की जयकार से शहर गुंजयमान हो गया। इस दौरान स्वर्णकार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश सोनी, समाज समिति अध्यक्ष अनिल सोनी, बनवारी सोनी टंच सहित समाज के सैकडो महिला पुरूष मोजूद थे।

### राहुल प्रकाश का किया सम्मान

**भरतपुर** (निस)। युवा समाजसेवी मनीष तिवारी व कलसाड़ा युवा ब्राह्मण अध्यक्ष मनोज कलसाड़ा ने संयुक्त रूप से भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश का माला, साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर मनीष तिवारी ने कहा कि आई.जी राहुल प्रकाश के आने से भरतपुर संभाग में कानून व्यवस्था दुरूस्त हुई है, इसके साथ ही आई.जी. राहुल प्रकाश ने आमजन के लिए किसी भी शिकायत के लिए अपना ऑफिशियल नम्बर जो जनता के लिए प्रदान किया है, बहुत ही सराहनीय पहल है। जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है व अपराधियों में डर पैदा हुआ है। इस अवसर पर मनीष तिवारी, मनोज कलसाड़ा, लवकुश पहलवान आदि उपस्थित रहे।

## चार भैंस सहित कई जानवरो की हुई मौत

**गंगापुर सिटी** । समीपवर्ती लालपुर गांव में शनिवार को 11 केवी बिजली के हाई टेंशन लाइन का तार टूट कर गिर गया। इसकी चपेट में आने से चार भैंस सहित 2 लोमडी, 1 कुत्ता और 1 सियार की मौत हो गई, वहीं एक महिला घायल हो गई। गनीमत यह रही की एक बडा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना पर नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा, पशु चिकित्सक डॉ योगेश शर्मा, पटवारी, बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार लालपुर गांव में बीती रात को आए बरसात और तेज हवाओं के कारण 11 केवी हाई टेंशन लाइन का तार इंसुलेटर से टूट कर अलग हो गया और नीचे आ गिरा जिसकी किसी को जानकारी नहीं थी। अन्य दिनों की तरह शनिवार को ग्रामीण रूप सिंह गुर्जर ने अपनी 4 भैंसों को जंगल में चरने के लिए खोल दिया। सुबह करीब 1 बजे जैसे ही मवेशी जंगल में चरने के लिए पहुंची। इस दौरान रूप सिंह गुर्जर की भैंस तार के करंट की चपेट में आ गई। हादसे में मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। इतना ही नहीं करंट की चपेट में आने से जंगली जानवर 2 लोमडी, एक सियार और एक कुत्ते की भी मौत हो गई।घटना का पता चलने पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और ग्रामीणों ने प्रशासन को सूचना दी। सूचना के बाद पहले बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। इसके बाद में नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा, पशु चिकित्सक डॉ. योगेश शर्मा, गिरदावर पूनम, पटवारी आदि मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। साथ ही नायाब तहसीलदार ने कहा कि घटना की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज कर पीडति को हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## भवन निर्माण हेतु भूमि आरक्षित

**करौली-** (नि.स.) जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया कि अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल करौली की मांग पर ग्राम रोंडकला की भूमि खसरा नं. 367 की रकबा 15.4016 मे से 0.25 हैक्टेयर भूमि 33 केवी सब ग्रिड स्टेशन व कार्यालय के भवन निर्माण हेतु लीज पर आवंटित की गई है।

इस संबंध मे जिला कलक्टर ने संबंधित उपखंड अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश भी प्रदान किये है।

## अफीम की खेती का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**धौलपुर।** आंगई थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी छुपे हो रही अफीम की खेती का पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश पर आंगई थाना प्रभारी रामावतार मीना द्वारा की गई कार्रवाई जिले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है।

थाना क्षेत्र के रामबख्श का पुरा गांव के जंगलों में सिवायचक भूमि पर मिली अफीम की खेती के बाद पुलिस ने सभी पेड़ों को जब्त किया है। जिनका वजन 2940 किलोग्राम है। जब्त माल की अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपए में बताई जा रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक रात को भारी संख्या में पुलिस गांव में पहुंच गई थी। जहां सरसों के खेतों के बीच सिवाइचाक भूमि पर अफीम की खेती पकड़ी गई।

बड़ी मात्रा में अफीम खेती मिलने पर पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गई।

जिस पर अलग-अलग जगह से पहुंचे अधिकारियों की देखरेख में रात भर पेड़ों की कटाई की गई। पेड़ों को काटने के बाद प्रशासन और पुलिस के उच्च अधिकारियों की देखरेख में उन्हें सील पैक किया गया है।

भवन निर्माण हेतु भूमि आरक्षित

करौली- (नि.स.) जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया कि अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल करौली की मांग पर ग्राम रोंडकला की भूमि खसरा नं. 367 की रकबा 15.4016 मे से 0.25 हैक्टेयर भूमि 33 केवी सब ग्रिड स्टेशन व कार्यालय के भवन निर्माण हेतु लीज पर आवंटित की गई है।

इस संबंध मे जिला कलक्टर ने संबंधित उपखंड अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश भी प्रदान किये है।

## अपना घर आश्रम की एंबुलेंस को किया रवाना

**धौलपुर** ।जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने शनिवार को हरी झंडी दिखाकर अपना घर आश्रम की एंबुलेंस रवाना की। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, अपना घर सेवा समिति धौलपुर और अपना घर सेवा समिति महिला शाखा धौलपुर के सदस्यों के साथ- साथ बाड़ी आश्रम के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। एम्बुलेंस की रवानगी के तुरंत बाद ही रेस्क्यू टीम द्वारा असहाय, बेसहारा, लावारिस पीड़ितों का रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया गया। सबसे पहले धौलपुर शहर से गुलाब बाग से दो नि:सहायों को तुरंत रेस्क्यू करके बाड़ी रवाना किया गया। इसके साथ ही रास्ते में एक और नि:सहाय को रेस्क्यू किया गया और उनको भी बाड़ी अपना घर आश्रम में सेवा एवं उपचार उपलब्ध हेतु भर्ती किया गया। इस मौके पर अपना घर बाड़ी आश्रम से सुनील गर्ग राष्ट्रीय संयोजक सचिव, विष्णु महेरे पूर्व अध्यक्ष अपना घर सेवा समिति बाड़ी, गोपाल दास गर्ग, अपना घर धौलपुर सेवा समिति से राज़ुद्दीन खान एडवोकेट अध्यक्ष, श्याम मनोहर कुलश्रेष्ठ, सौरभ मोदी, प्रमोद गोयल, भूप सिंह, सुनील मंगल, धर्मेंद्र मोदी, नावेद, दाऊदी, डॉ निसार सर अपना घर महिला इकाई सेवा समिति धौलपुर से वीनस गर्ग, ममता सिंगल, आशा सिंगल, कृष्णा शर्मा, राजकुमारी सिंघल, सीता गुप्ता महिला सदस्य उपस्थिति रहीं।

## महिला मण्डल के सानिध्य में होगी अग्र भागवत कथा

**गंगापुर सिटी** । तीन दिवसीय अग्र भागवत कथा के आयोजन को लेकर शनिवार को अग्रवाल धर्मशाला में जिला अग्रवाल महिला मंडल की सभी इकाईयो की बैठक जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मिटिंग में अग्र भागवत कथा गंगापुर सिटी में कराने पर चर्चा हुई ।

जिसमें सभी की राय से अग्रवाल महिला मंडल गंगापुर सिटी की सभी इकाइयों जिला इकाई, तहसील ईकाई, तीनों महिला इकाई के सहयोग से कराने का निर्णय लिया गया। जिला महामंत्री रेनू आर्य ने बताया की अग्र भागवत कथा तीन दिवसीय 28 मार्च से 3० मार्च दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक अग्रवाल धर्मशाला में होगी। 28 मार्च सुबह 8 बजे कलश यात्रा निकाली जायेगी 31 कलश तांबे एवं बाकी 151 कलश स्टील के होंगे।

अग्र भागवत की मुख्य संयोजक सरोज गर्ग को बनाया गया है साथ ही सहसंयोजक मिर्जापुर अध्यक्ष रजनी सिंघल, उदेई मोड अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, तहसील अध्यक्ष रीना मित्तल, अग्रवाल महिला सेवा समिति अध्यक्ष पदमा को बनाया गया है। मीटिंग में अग्रवाल महिला मंडल की पांचो इकाईयो की कार्यकर्ताओ को अग्र भागवत कथा की व्यवस्थाओ की जिम्मेदारी सौपी गई।

## मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**भरतपुर** (निस)। क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही बेमौसम वर्षा एवं अतिवृष्टि के कारण रबी की फसलों में हुये नुकसान का सर्वे कराकर पात्र किसानों को मुआवजा दिलाने के लिये पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। जिसमें यह भी कहा है कि बेमौसम वर्षा के कारण सरसों सहित अन्य रबी की फसलों में काफी नुकसान हुआ है। डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में यह भी कहा है कि जिन किसानों की सरसों की फसल काटी जा चुकी है और खलिहान में पडी हुई है उसमें भी वर्षा के कारण काफी नुकसान हुआ है। इस नुकसान का सर्वे कराने के लिये जिला कलक्टर को विशेष गिरदावरी कराने के लिय पाबंद करें।

## शोषण के खिलाफ भाजपाईयों ने सौपा ज्ञापन

**करौली** पश्चिम बंगाल के संदेशखली में त्रिणमूल नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ किए गए योंन शोषण के विरोध में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

भाजपा शहर मंडल मीडिया प्रभारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन में पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकर को बर्खास्त करने की मांग रखते हुए कहा है कि त्रिणमूल कांग्रेस के नेता शाह जहां शेख और उसके साथियों द्वारा संदेशखली क्षेत्र की भोली भाली और मजबूर महिलाओं के साथ लंबे समय से योंन शोषण व अत्यचार कर अपराध किया है। इतना ही नहीं शाहजहां शेख ने वहां की निरीह और मासूम जनता की संपत्तियों पर अवैध कब्जों का भी कृत्य किया है और उस पर कार्यवाही के लिए जब प्रवरतन निदेशालय इडी की टीम गई तब भी इस व्यक्ति के लोगों ने उन पर आक्रमण किया। यह कार्य पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सह पर हुआ है। पश्चिम बंगाल में त्रिणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा निरीह जनता पर अत्यचार की इस तरह की अनेक घटनायें निरंतर की जा रही है। पश्चिम बंगाल की इस घटना से देश की महिलाओं में सोम और आक्रोष व्याप्त है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल,जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह राजपूत,पूर्व अध्यक्ष रमेश राजोरिया, जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला,जिला मंत्री पुष्पेंद्र सैनी,जयेंद्र सिंह एडवोकेट,उत्तम सिंह जादौन, आशुतोष तिवारी, अजय पाल,कुलदीप पाठक, अशोक वर्मा, मुरारी, सुरेश मिस्त्री, मानं प्रकाश शुक्ला, मुकेश सोनी,धन सिंह चौहान, बृजेश शर्मा, राजकुमार, लड्डू गोपाल अग्रवाल, मुकेश सिंह, गोपाल शर्मा, विद्या वैष्णव आदि कार्यकर्ता एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राजकीय पुस्तकालय भरतपुर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें

राजस्थान सरकार भाषा एवं पुस्तकालय विभाग जयपुर के निर्देषानुसार 100 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत राजकीय सार्वजनिक मण्डल पुस्तकालय भरतपुर के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें, कार्यक्रमों का शुभारम्भ 4 मार्च को प्रात: 11.30 बजे संभागीय पुस्तक मेले से होगा, जिसमें संभाग स्तर के लेखक प्रकाषकों का पुस्तक का संग्रह क्रय हेतु अवलोकनार्थ रहेगा तथा छात्र छात्राओं की विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिताओं के संयोजक डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि 4 मार्च को अपरान्ह पश्चात 2 बजे निबंध प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें कक्षा 9 से 12 वर्ग तथा स्नातक अधिस्नातक वर्ग व के प्रतिभागी भाग ले सकेगें। इसका विशय "बालकों के जीवन में पुस्तकों का महत्व" होगा तथा 5 मार्च को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों में क्रमश: अ वर्ग कक्षा 3 से 8, व वर्ग कक्षा 9 से 12 तथा स वर्ग स्नातक अधिस्नातक रखा गया है। प्रतियोगिता का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक रखा गया है। इसका विषय, भरतपुर संभाग के विभिन्न पर्यटन स्थल, ड्राईंग सीट प्रतिभागीयों को प्रतियोगिता स्थल पर मिलेगी कलर, पेंसिल आदि स्वयं का लाना होगा।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि 6 मार्च को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 1 बजे होगा। इसका विषय भरतपुर संभाग में पर्यटन की सम्भावना रखा गया है। इसमें दो वर्ग होगें। अ' वर्ग कक्षा 9 से 12 तथा 'ब' वर्ग स्नातक अधिस्नातक रहेगा। पुस्तकालय के प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण 8 मार्च को होगा। समिति पुस्तकालय के वरिश्ठ कार्मिक त्रिलोकीनाथ ने बताया कि उक्त सभी आयोजनों का स्थल श्री हिन्दी साहित्य समिति पुस्तकालय भवन, भरतपुर रखा गया है।

## प्रस्तुत करना होगा विगत 6 माह के अवकाशों का विवरण

**करौली** (नि.स.) जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत निर्वाचन दायित्वों के संपादन हेतु नियुक्त किये जाने वाले कार्मिकों द्वारा स्वास्थ्य कारणों से चुनाव ड्यूटी से मुक्ति चाहने हेतु प्रार्थना पत्र पूर्व की भांति सीधे ही कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना संभावित है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस संबंध मे उन्होने समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया है कि वे इस प्रकार के प्रार्थना पत्र के साथ कार्यालयाध्यक्ष की टिप्पणी के साथ जिसमे विगत छ: माह मे लिये गये चिकित्सा अवकाशों का विवरण हो के साथ प्रस्तुत करें ताकि स्वतंत्रता सैनानी शिवराज सिंह सामान्य चिकित्सालय करौली मे गठित मेडिकल बोर्ड से परीक्षण करवाया जाकर कार्यवाही की जा सके। उन्होने बताया कि कार्मिकों द्वारा प्रार्थना पत्र मे लंबे समय से स्वास्थ्य कारणों से राज्यकार्य निष्पादन मे समर्थ नही होने का हवाला दिया जाता है।

## भरतपुर लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली को उम्मीदवार घोषित

**भरतपुर** (निस)। भाजपा की जारी हुई आज पहली सूची में राजस्थान के 15 लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा में भरतपुर लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली को उम्मीदवार घोषित किया गया है। जबकि वर्तमान में भरतपुर लोकसभा से भाजपा सांसद रनजीता कोली का टिकट काट दिया है।

- रामस्वरूप कोली 14वीं लोकसभा में बयाना लोकसभा सुरक्षित सीट से भाजपा सांसद रह चुके है।

रनजीता कोली इस बार सशक्त दावेदार मानी जा रहीं थी। लेकिन वर्तमान सांसद होने के बाद भी भाजपा ने पुराने चेहरे रामस्वरूप कोली पर विश्वास जताया है। पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली भरतपुर जिले के भुसावर कस्बा के निवासीं हैं। रामस्वरूप कोली 14वीं लोकसभा में बयाना लोकसभा सुरक्षित सीट से भाजपा सांसद रह चुके है। इनका कार्यकाल वर्ष 2004 से 2009 तक रहा। रामस्वरूप कोली का जन्म 1965 में हुआ है। रामस्वरूप कोली की पढाई 10वीं तक बताई गई है। उनके दो बेटे एवं दो बेटियां हैं। उनके पिता का नाम सुंदरलाल कोली है। एवं माता का नाम कम्पूरी देवी है। पेशे से सामाजिक कार्यकर्ता व्यापारी एवं भाजपा विचारों के साथ साथ संघ आरएसएस से जुडे हुए हैं। हालांकि इसके बाद पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली ने भाजपा से वैर विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव भी लडा था। लेकिन जीत नहीं मिल सकी। इस बार वैर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा का उम्मीदवार बहादुर कोली को बनाया था जो विजयी रहे हालांकि रामस्वरूप कोली को टिकट मिलने की संभावना थी। लेकिन रामस्वरूप कोली को इस बार विधानसभा उम्मीदवार नहीं बनाकर भाजपा हाईकमान ने उन्हें भरतपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का उम्मीदवार घोषित किया है। इस बारमोदी लहर एवं राजस्थान एवं केन्द्र में डबल इंजन की सरकार होने का उन्हें लाभ मिल सकता है।

